(NAAC Accredited : 'B' Grade)

Tel. : 0532-2695138
Email : hnbnaini@gmail.com
Web : www.hnbpgcollegenaini.org

हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
Hemwati Nandan Bahuguna Govt. P.G. College

नैनी, इलाहाबाद - 211008 (उ.प्र.)
Naini, Allahabad - 211008 (U.P.)

पत्रांक ..प्रा.मो./2019-20 दिनांक 18/3/20...

कोरोना वायरस बचाव व रोकथाम कार्यक्रम

हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज में आज दिनांक 18.03.2020 को प्राचार्य प्रो0 शील प्रिय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कोरोना वायरस से बचाव व रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । सर्वप्रथम महाविद्यालय के समस्त सदस्यों ने स्वच्छता हेतु शपथ ली । तत्पश्चात् सभी को Sanitizer, tissue paper व hand wash के उपयोग की सही विधि की जानकारी दी गई । महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने Sanitizer, tissue के उपयोग से अपने हाथों की सफाई की । डॉ0 धीरेन्द्र ने hand wash के महत्व व सही विधि की जानकारी दी । डॉ0 सुवर्णा ने घर में बनाये जाने वाले काढ़ा की जानकारी दी । डॉ0 दीपक ने कोरोना से बचाव सम्बन्धित महत्वपूर्ण बातें बताई । डॉ0 रफत अनीस ने कोरोना से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया । मीडिया प्रभारी डॉ0 भाष्कर शुक्ल ने कोरोना से बचाव में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला । EBSB नोडल अधिकारी डॉ0 नीतू सिंह ने कोरोना वायरस से बचाव में विटामिन सी की भूमिका के बारे में विस्तृत से चर्चा करते हुए नींबू के दैनिक प्रयोग पर बल दिया । डॉ0 महेन्द्र प्रसाद ने उपस्थित सभी सदस्यों को अपने आस–पास स्वच्छता हेतु जागरूक किया ।

प्राचार्य प्रो0 शील प्रिय त्रिपाठी ने भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कोरोना वायरस से बचाव हेतु समय–समय पर निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने का निर्देश दिया । इस हेतु प्राचार्य ने महाविद्यालय में कोरोना वायरस से बचाव व रोकथाम समिति का गठन किया जिसमें महाविद्यालय के एन.एस.एस., रोवर्स रेंजर्स, ई.बी.एस.बी. तथा मीडिया समिति के सदस्यों को सम्मिलित किया । उक्त समिति महाविद्यालय में स्वच्छता तथा कोरोना वायरस से बचाव व जागरूकता का कार्य करेगी ।

Sd/-

प्रो0(शील प्रिय त्रिपाठी)
प्राचार्य

प्राचार्य
हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय
स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नैनी-प्रयागराज

Sd/-

डॉ0 (नीतू सिंह)
EBSB नोडल अधिकारी